तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, बुधवार 7 मई 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 व्यवसायिक शिक्षा युवाओं को स्वरोजगार के लिए तैयार करती ...



12 शिविर में खाली कुर्सी झांकते रहे अफसर



## खबर संक्षेप

### मेटाडोर की ठोकर से बाइक सवार की मौत

**भिलाई।** ड्यूटी से घर लौट रहे बाइक सवार को मेटाडोर चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए चपेट में लिया है। हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने चालक के खिलाफ धारा 106 (1) के तहत जुर्म दर्ज किया है। जेवरा सिरसा पुलिस ने बताया कि मृतक ग्राम दारगांव धमधा निवासी चुम्मन लाल साहू 28 अप्रैल को अपनी बाइक सीजी 07 बीसी 2199 में सवार होकर ग्राम रसमडा, रायपुर पावर प्लांट से काम खत्म कर अपने घर आ रहा था। इस दौरान भटगांव चैक के पास अपर्णा कार्बन फैक्ट्री के सामने मेटाडोर सीजी 07 सी 8226 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार को चपेट में लिया। हादसे में बाइक सवार चुम्मन लाल साहू को चपेट में लिया। जिसे शरीर में गंभीर चोट आने से उपचार के लिए 108 एम्बुलेंस से जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉ ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### केयर टेकर ने चुराए सोने के जेवर, फरार

**भिलाई।** महिला केयर टेकर ने मकान के सोने के जेवरात को पार कर फरार हो गई। घटना की शिकायत पर पुलिस ने धारा 305 (ए) के तहत जुर्म दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि 11/8 प्रियदर्शनी परिसर पश्चिम सुपेला निवासी अमन सिंह ने शिकायत कि घर की छोटी बच्ची को देखभाल के लिए लाईफ केयर टेकर को रखा गया था। दुर्ग से आई महिला टेकर अंजनी ने 1 से 2 मई की शाम आलमारी से एक 23 कैरेट सोना 9.6 ग्राम पुरानी इस्तेमाली 40 हजार रुपए का चोरी कर लिया। जेवरात को आसपास पतासाजी किया नहीं मिलने पर चोरी की शिकायत पुलिस में किया गया।

### मोबाइल लूटकर भागने वाला पकड़ाया

**भिलाई।** मोबाइल छिनकर फरार होने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि अम्बेडकर चौक नहर पारा निवासी तेजप्रकाश साहू रात को अपने घर से निकल कर शांति नगर पालीवाल होटल के पास जा रहा था। इस दौरान बाइक सीजी-07 सीजी 9157 से दो अज्ञात युवक पहुंचे और मोबाइल छिनकर फरार हो गए। सूचना पर पुलिस ने शांति नगर दशहरा मैदान के पास एक युवक मोबाइल बेचने की फिराक मे ग्राहक की तलाश कर रहा था। पुलिस ने युवक को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर ने पर अपना नाम आर्य नगर हाउसिंग बोर्ड निवासी लव कुमार चौबे होना बताया है। आरोपी लव कुमार अपने दोस्त मोहन साहू के साथ मिलकर मोबाइल छिनकर फरार होना स्वीकार किया। आरोपी लव कुमार ने पुलिस को बताया कि अवंति विहार चौक, कुरूद रोड़ में छिनकर फरार हुआ था। आरोपी के निशानदेही पर 3 मोबाइल और बाइक को पुलिस ने जब्त किया।

### थप्पड़ का बदला हत्या से लिया आरोपी, फरार

**भिलाई।** मामूली विवाद को लेकर युवक की हत्या करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी की तलाश में जुटी हुई है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 103 (1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि हिंद नगर बाजार पारा तालाब के पास रिसाली निवासी मोहन उर्फ मेहतरू ताम्रकार के घर के पास कुछ नशेड़ियों का आना जाना लगा रहता था। नशेड़ी किस्म के युवक सोमवार को आपस में गाली गलौज कर रहे थे। तभी मोहन पहुंचा और नशेड़ी युवकों को जाने के लिए बोलने लगा। इस दौरान शिवाजी चौक रिसाली निवासी डोमेंद्र और उसका दोस्त आपस में विवाद कर रहे थे। तब मोहन से दोनों ने गाली गलौज करना शुरु कर दिया।

सुशासन तिहार

सीएम साय आसमानी रास्ते बेमेतरा जिले के सहसपुर पहुंचे

# मुख्यमंत्री साय ने बरगद की छांव में खाट पर बैठ जाना ग्रामीणों का हाल-चाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मंगलवार सुशासन तिहार के तीसरे चरण के अंतर्गत अचानक आसमानी रास्ते जिले के सहसपुर गांव पहुंचे। मुख्यमंत्री ने गांव के बरगद वृक्ष की छांव में चौपाल लगाकर ग्रामीणों से सीधे संवाद किया और उनकी समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने सहसपुर में विकास कार्यों की कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी की।

- विद्युत सब स्टेशन, हायर सेकंडरी स्कूल भवन और प्राचीन मंदिर के सौंदर्यीकरण की घोषणा

गांव में मुख्यमंत्री का आगमन बिना पूर्व सूचना के हुआ, जिससे ग्रामीण पहले तो अचंभित हुए लेकिन फिर उन्होंने पारंपरिक सदाबहार फूलों की माला और चंदन-आरती से मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से कहा कि वे यहां उनकी तकलीफें जानने और योजनाओं के जमीनी हालात देखने आए हैं। बरगद की छांव में आयोजित चौपाल में मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना, नल-जल योजना, धान खरीदी और स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि डेढ़ साल की सरकार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटियों को पूरा किया गया है, जिसमें 18 लाख आवासों की स्वीकृति, किसानों को दो साल का बकाया बोनस और धान की खरीदी 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से की जा रही है। चौपाल में ग्रामवासिनी पूनम साहू ने महतारी वंदन योजना के लाभों का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे ▶▶| शेष पेज 13 पर





## मोर अब्बड़ भाग हे, मुख्यमंत्री मोर घर आए हे

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ग्राम पंचायत सहसपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना की लाभार्थी अमरौतीन साहू के घर पहुँचकर आई खुशियों को साझा किया। मुख्यमंत्री के आगमन पर भावुक और उत्साहित अमरौतीन साहू ने कहा कि "मोर अब्बड़ भाग हे, मुख्यमंत्री मोर घर आए हे।" छत्तीसगढ़ की परंपरा और संस्कृति की गरिमा के साथ परिवारजनों ने अपने मुखिया का आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने भी सादगी और आत्मीयता के साथ परिवार के बच्चों और बुजुर्गों से संवाद किया।

- अमरौतीन साहू के घर पहुंचे मुख्यमंत्री
- सीएम ने कहा- हर जरुरतमंद को मिलेगा पक्का मकान, सीएम का संकल्प

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार हर जरुरतमंद परिवार को पक्का मकान देने के संकल्प को धरातल पर उतार रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर गरीब परिवार का जीवन स्तर ऊँचा और सम्मानजनक बने, यह हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। अमरौतीन साहू ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उन्हें नया पक्का मकान मिला है, जिससे उनका परिवार अब सुरक्षित और गरिमामय जीवन जी रहा है। उन्होंने सरकार और मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया। मुख्यमंत्री श्री साय ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं का क्रियान्वयन और भी प्रभावी और पारदर्शी ढंग से किया जाए ताकि हर पात्र परिवार तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचे।

### आयुष्मान आरोग्य मंदिर का किया औचक निरीक्षण



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सहसपुर ग्राम पंचायत स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर का औचक निरीक्षण किया। बिना पूर्व सूचना के पहुंचे मुख्यमंत्री ने केंद्र में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं का जायजा लिया। वहां उपचाररत मरीजों से सीधे संवाद कर उनकी स्थिति जानी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मितानिन दीदियों से चर्चा करते हुए संस्थागत प्रसव को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुरक्षित मातृत्व और नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य के लिए यह आवश्यक है कि सभी प्रसव स्वास्थ्य संस्थानों में कराए जाएं। मितानिनों को गांव-गांव जाकर महिलाओं को जागरूक करने और अस्पताल में प्रसव के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया गया। मुख्यमंत्री श्री साय ने चिकित्सा स्टाफ को निर्देशित किया कि गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए दवाइयों और उपचार सामग्रियों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आम जनता को समय पर तथा गुणवत्तापूर्ण उपचार मिलना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। ग्रामीणों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार निरंतर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार कर रही है। उन्होंने सभी स्वास्थ्य केंद्रों को और अधिक सशक्त एवं सुसज्जित करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

### सहसपुर में 13वीं शताब्दी के प्राचीन शिव व हनुमान मंदिर के किए दर्शन



**बेमेतरा।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने आकस्मिक निरीक्षण के दूसरे दिन बेमेतरा जिले के ग्राम सहसपुर का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने ग्राम सहसपुर में स्थित 13वीं-14वीं शताब्दी के प्राचीन भगवान शिव और हनुमान मंदिर के दर्शन कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उल्लेखनीय है कि यह प्राचीन मंदिर कवर्धा के फणिनागवंशी राजाओं द्वारा नागर शैली में निर्मित किया गया था। सुरम्य प्राकृतिक वातावरण में स्थित यह मंदिर छत्तीसगढ़ की समृद्ध ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत का जीवंत प्रतीक है। शिव मंदिर सोलह स्तंभों पर टिका हुआ है, वहीं हनुमान मंदिर आठ भव्य स्तंभों से सुसज्जित है। आज भी इन मंदिरों का पुरातन वैभव यथावत सुरक्षित है। ये प्रदेश की प्राचीन वास्तुकला व कला संस्कृति का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ के गांव-गांव में धर्म और आस्था के प्राचीन चिन्ह मौजूद हैं, जो हमारी संस्कृति की गहराई और परंपराओं की निरंतरता का परिचय कराते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार छत्तीसगढ़ की इस सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन के लिए सतत प्रयासरत है। मुख्यमंत्री ने ग्रामवासियों से संवाद कर गांव के विकास कार्यों की जानकारी भी ली और स्थानीय जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों को गांव की आवश्यकताओं के अनुरूप शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए।

- छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को बताया प्रदेश की पहचान

## आरटीई में अनियमितता का आरोप, फर्जी किराया नामे से हो रही दाखिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नवागढ़

शिक्षा के अधिकार के तहत निजी स्कूलों में दी जाने वाली 25 प्रतिशत आरक्षित सीटों में भारी अनियमितता के आरोप लगे हैं। नवागढ़ नगर पंचायत क्षेत्र के नागरिकों ने जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर यह शिकायत की है कि बाहरी क्षेत्र के लोग किराए पर मकान लेकर खुद को स्थानीय निवासी दर्शा रहे हैं और इस प्रकार नियमों का दुरुपयोग कर रहे हैं। उनका कहना है कि इस कारण नवागढ़ के गरीब और वास्तविक जरूरतमंद परिवारों के बच्चों को इस योजना का लाभ नहीं मिल रहा।

- बाहरी लोगों को फायदा, जरूरतमंद वंचित

ज्ञापन में कहा गया कि कुछ स्कूलों में यह गलत प्रवृत्तियां जानबूझकर बढ़ावा दी जा रही हैं। इस वजह से वे बच्चे, जो वास्तव में इस योजना के तहत शिक्षा प्राप्त करने के हकदार हैं, वंचित हो जा रहे हैं। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि यदि यही स्थिति रही, तो योजनाओं के उद्देश्य पर सवाल उठने लगेगा।

ठोस कार्रवाई नहीं: शिकायतकर्ता रमेश यादव, दिनेश और अमर पाल का कहना है कि हमने कई बार कई स्कूलों में हुई इस अनियमितता को देखा है। कई आवेदन फर्जी पते और असत्य निवास प्रमाणों के आधार पर स्वीकृत हो रहे हैं। इस प्रक्रिया में स्थानीय जरूरतमंद बच्चों को पीछे छोड़ दिया जा रहा है। हमसे बार-बार इन समस्याओं के बारे में अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इसलिए हमें अब लिखित शिकायत करनी पड़ी है। हम चाहते हैं कि इस मामले की पूरी तरह से पारदर्शी जांच हो और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। रमेश यादव ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ स्कूलों में प्रशासनिक लापरवाही की वजह से ऐसे बच्चों का चयन किया जा रहा है, जो असल में इस योजना के लाभ के पात्र नहीं हैं, जबकि नवागढ़ के मूल निवासियों के बच्चों को इस अवसर से वंचित किया जा रहा है।

**गरीब और जरूरतमंद परिवार शिक्षा के अधिकार से वंचित :** स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह केवल एक स्कूल की समस्या नहीं है, बल्कि पूरे क्षेत्र में कई स्कूलों में इस प्रकार की अनियमितताएं देखी जा रही हैं। उनका आरोप है कि प्रशासनिक ▶▶| शेष पेज 13 पर

### मामला गम्भीर, होगी जांच

इस संबंध में जब ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एलएन बांधे ने मामले की जांच की बात कही। शिक्षा अधिकारी ने कहा कि मामला गम्भीर है और इसकी जांच की जाएगी। अगर किसी भी स्कूल में अनियमितता पाई जाती है, तो उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### शराब तस्कर गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से 18 पौवा शराब जप्त

**बेमेतरा।** सिटी कोतवाली पुलिस स्टाफ ने मुखबिर सूचना पर जिला मुख्यालय स्थित पिकरी देशी शराब दुकान के पास ग्राम रांका निवासी अभिनाथ घृतलहरे को अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री करते पकडा गया। आरोपी अभिनाथ घृतलहरे पिता जगमोहन घृतलहरे उम्र 28 साल के कब्जे से 18 पौवा देशी प्लेन शराब जप्त किया। पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध करने की कारवाई की ।उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली दुलेश्वर चंद्रवंशी, प्रधान आरक्षक सुमन सिंह, आरक्षक मोह. असलम एवं अन्य स्टाफ शामिल रहे ।

## बिना होलोग्राम वाली विदेशी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में अवैध शराब कारोबार पर लगाम लगाने की दिशा में आबकारी विभाग ने कार्रवाई करते हुए विदेशी मदिरा की तस्करी का खुलासा किया है। हाउसिंग बोर्ड बेमेतरा रोड पर एक स्कूटी सवार युवक को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें बिना होलोग्राम की गोवा स्पेशल शराब की 288 शीशियाँ (प्रत्येक 180 एमएल) बरामद की गईं। कुल मात्रा 51.84 बल्क लीटर रही।

- आरोपी के पास से 51.84 लीटर अवैध मदिरा बरामद
- मुखबिर की सूचना पर की गई कार्रवाई

दरअसल मुखबिर से मिली गोपनीय सूचना के आधार पर दिन में ही आबकारी विभाग ने अस्थाई नाका लगाया और आरोपी राजू साहू (उम्र 25 वर्ष), निवासी डेहका, तहसील भाटापारा, जिला बलौदाबाजार को रोका गया। उसकी स्कूटी सीजी 25 डी 9534 की तलाशी में विदेशी मदिरा गोवा स्पेशल, जो बिना वैध होलोग्राम के थी, पाई गई। यह शराब पूरी तरह अवैध रूप से संग्रहित और परिवहन की जा रही थी। जब्त शराब की अनुमानित बाजार कीमत 34,560 रुपये आंकी गई है, वहीं स्कूटी की कीमत 30,000 रुपये बताई जा रही है। कुल जब्ती 64,560 रुपये की हुई है।

### आबकारी विभाग की कार्रवाईः स्कूटी में तस्करी कर रहा था गोवा स्पेशल शराब



### आरोपी को मौके पर गिरफ्तार कर भेजा गया रिमांड पर

मौके पर ही आबकारी टीम ने आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धाराएं 34(2), 59(क), 34(1)(क), 36 के तहत गैर-जमानती अपराध दर्ज किया और उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। टीम में वृत्त प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक वीणा भंडारी, आबकारी आरक्षक संतोष, महेन्द्र नाग एवं वाहन चालक पूर्णानंद सोम शामिल थे, जिनकी तत्परता और साहस की सराहना की जा रही है।

### जनता से सहयोग की अपील

आबकारी विभाग ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी को अवैध मदिरा संग्रहण, परिवहन या बिक्री की जानकारी हो तो वह तत्काल आबकारी उपनिरीक्षक, वृत्त बेमेतरा के दूरभाष पर संपर्क कर सूचना दें। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

छिरहा में समाधान शिविर : सुशासन तिहार में ग्रामीणों को मिल रहा योजनाओं का लाभ

## सरकार समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध : खाद्य मंत्री बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बेमेतरा विकासखंड व नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम छिरहा स्थित हायर सेकेंडरी स्कूल में आज समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में छत्तीसगढ़ सरकार के खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने विशेष रूप से शिरकत की। मंत्री श्री बघेल ने हितग्राहियों को किसान किताब, राशन कार्ड, मछली पालन के लिए आईसबॉक्स तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं के अंतर्गत पासबुक का वितरण कर लाभान्वित किया।

यह समाधान शिविर ग्राम छिरहा क्लस्टर के तहत आने वाले 11 ग्राम पंचायतों कठौतिया, मजगांव, छिरहा, जंगलपुर, गांगपुर छि., सौनपुरी, गगपुरा, नवागायकला, चरगंवा, बैहरसरी और मोढ़े के निवासियों के लिए आयोजित किया गया। शिविर में ग्रामीणों ने सुशासन तिहार 2025 के तहत समाधान पेटी में अपनी समस्याएं, मांगें और शिकायतें दर्ज कराईं। संबंधित विभागों के अधिकारियों ने इन आवेदनों के निराकरण की जानकारी ही दी और विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। शिविर में अध्यक्ष जनपदपंचायत बेमेतरा श्रीमती हेमा दिवाकर, अजय साहू, एसडीएम प्रकाश भारद्वाज, विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे। सहित जनप्रतिनिधि और ग्रामीण जन उपस्थित थे । सभी अधिकारियों ने बारी-बारी से आवेदनों के निराकरण और विभागीय योजनाओं की जानकारी दी । जनसंपर्क विभाग ने मासिक पत्रिका जनमन वितरित की ।



### मांग व शिकायत के लिए बेझिझक करें आवेदन

मंत्री श्री बघेल ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार आपकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि अधिकारीगण आपके आवेदनों का त्वरित निराकरण कर रहे हैं और कोई भी नागरिक अपनी समस्या, मांग या शिकायत बेझिझक आवेदन के माध्यम से दर्ज करा सकता है। उन्होंने यह भी भरोसा दिलाया कि किसी को डरने की जरूरत नहीं है, सरकार हर ग्रामीण तक अपनी हितकारी योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। सुशासन तिहार के इस शिविर में ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और योजनाओं का लाभ उठाया।

